PRINT

# दैनिक जागरण

| National News Paper | Edition : Dehradun (UK) | Circulation: 57575 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 09.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |


## सीआइएसएफ ने अमेरिका में जीते 64 पदक

जेएनएन, नई दिल्ली : अमेरिका के बर्मिंघम में 30 जून से छह जुलाई तक आयोजित किए गए विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में भारत के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने 64 पदक जीते। प्रतियोगिता में भारतीय दल 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। खेलों में 70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने खेलों में हिस्सा लिया। सीआइएसएफ की ओर से हरियाणा के गुरजीत सिंह ने ऊंची कूद में स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। एएसआइ रीनू ने पांच स्वर्ण सहित कुल छह पदक जीते। कुश्ती में सीआइएसएफ के हरियाणा के पहलवानों ने सभी स्वर्ण पदक जीते।



पदक जीतने के बाद सीआइएसएफ के जवान • आयोजक